भारत सरकार
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 4359**

**26 मार्च, 2025 के लिए प्रश्न**

**जन पोषण केन्द्र**

**4359. श्री यदुवीर वाडियार:**

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

अब तक आधुनिकीकृत किए गए जन पोषण केन्द्रों की संख्या कितनी है और भविष्य में कर्नाटक में, विशेषकर मैसूरू में आधुनिकीकरण किए जाने वाले संभावित केन्द्रों का स्थानवार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री**

**(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)**

वर्तमान में, गुजरात (अहमदाबाद), तेलंगाना (हैदराबाद), राजस्थान (जयपुर) और उत्तर प्रदेश (गाजियाबाद) राज्यों/जिलों में जन पोषण केंद्र (जेपीके) पायलट अध्ययन शुरू किया गया है। इस पायलट अध्ययन के तहत, 60 एफपीएस डीलरों (पहचाने गए राज्यों/जिलों से प्रत्येक में 15 एफपीएस डीलर) को जन पोषण केंद्र में बदल दिया गया है।

राज्यों को अपने यहां जेपीके मॉडल को वांछित संख्या तक बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

*****